# जय प्रकाश विश्वविद्यालय

राहुल सांकृत्यायन नगर, छपरा–841302, बिहार (भारत)

# JAI PRAKASH UNIVERSITY

RAHUL SANKRITYAYAN NAGAR, CHAPRA-841302, BIHAR (INDIA)

Website: www.jpv.ac.in


Letter No.- 380/DSW Dated: 22.08.2026

## नामांकन सूचना

**सी०बी०सी०एस० आधारित पाठ्यक्रम अन्तर्गत स्नातकोत्तर सत्र (2026–28) की द्वितीय मेधा सूची हेतु आवेदन एवं विषय/महाविद्यालय वरीयता परिवर्तन के संबंध में।**

उपर्युक्त विषय के संबंध में पूर्व निर्गत **पत्रांक-369/DSW, दिनांक 10.08.2026 एवं पत्रांक-373/DSW, दिनांक 17.08.2026** के क्रम में सूचित करना है कि स्नातकोत्तर सत्र **(2026–28)** में नामांकन हेतु **द्वितीय मेधा सूची** तैयार किये जाने के पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों को निम्नलिखित अवसर प्रदान किया जा रहा है :-

1. वैसे अभ्यर्थी जो पूर्व में स्नातकोत्तर नामांकन हेतु आवेदन कर चुके हैं परन्तु उनका अभी तक नामांकन नहीं हुआ है, उन्हें अपने आवेदन में पूर्व से अंकित विषय एवं महाविद्यालय की वरीयता/प्राथमिकता में परिवर्तन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
2. विषय परिवर्तन की सुविधा केवल उन्हीं विषयों के लिए उपलब्ध होगी, जिनका अध्ययन अभ्यर्थी द्वारा स्नातक स्तर पर किया गया हो। अभ्यर्थी अपने संबंधित Honours/Major/Minor विषयों के आधार पर ही विषय का चयन करेंगे ।
3. वैसे इच्छुक अभ्यर्थी, जो किसी कारणवश पूर्व निर्धारित अवधि में स्नातकोत्तर नामांकन हेतु अपना ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सके थे, उनके लिए भी नये आवेदन हेतु पोर्टल पुनः खोला जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थी निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन शुल्क का भुगतान करते हुए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
4. नये आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए भी विषय का चयन उनकी स्नातक स्तर की शैक्षणिक पृष्ठभूमि के अनुरूप ही होगा, वे अपने संबंधित Honours/Major/Minor विषयों के आधार पर ही स्नातकोत्तर विषय का चयन करेंगे ।
5. अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु महाविद्यालयवार एवं विषयवार रिक्त सीटों की सूची विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.jpv.ac.in पर उपलब्ध करा दी गई है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि विषय एवं महाविद्यालय की वरीयता निर्धारित/परिवर्तित करने से पूर्व उक्त सूची का अवलोकन अवश्य कर लें।
6. उपर्युक्त प्रक्रिया हेतु विश्वविद्यालय का ऑनलाइन पोर्टल दिनांक **24/08/2026 से 27/08/2026 तक** खुला रहेगा।
7. उपर्युक्त प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात उपलब्ध रिक्त सीटों एवं निर्धारित पात्रता के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा **स्नातकोत्तर सत्र (2026–28) की द्वितीय मेधा सूची** प्रकाशित की जायेगी।

**नोट :-** उपर्युक्त के अतिरिक्त नामांकन से संबंधित अन्य सभी निर्देश, शर्तें एवं आवश्यक प्रक्रियाएँ, जहाँ लागू हों, विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत **पत्रांक-369/DSW, दिनांक 10.08.2026 एवं पत्रांक-373/DSW, दिनांक 17.08.2026** के अनुसार यथावत प्रभावी रहेंगी।

**माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार**

RSingh 22/08/2026

**[प्रो० (डॉ०) राणा विक्रम सिंह]**

अध्यक्ष, छात्र-कल्याण

Ranjeet 18 22.8.26